केस स्टडी

Hindi 2nd lang

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर को चुनिए -

2 यह संसार कर्मभूमि है। उत्तम कर्म करने वाले को उत्तम फल मिलता है। बुरे कर्म करने वाले को कष्ट झेलने पड़ते हैं। संसार में कभी ऐसा भी देखा जाता है कि अच्छे कार्य करने वाला दंड भुगतता है और बुरे काम करने वाले खुशहाल होते हैं। यह स्थिति अधिक दिनों तक नहीं रहती। देर-सवेर अच्छे को अच्छा और बुरे को बुरा फल अवश्य मिलता है। आदमी को चाहिए कि वह ऐसे कर्म करे जिससे दूसरों का भी भला हो और स्वयं को सुख-शांति मिले।

1. *गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।*
   (*i*) कर्मभूमि (*ii*) संसार (*iii*) संसार एक कर्मभूमि (*iv*) इनमें से कोई नहीं।
2. *संसार को कर्मभूमि क्यों कहा गया है?*
   (*i*) क्योंकि मनुष्य अच्छे-बुरे सभी कार्य इसी संसार में रहकर करता है।
   (*ii*) क्योंकि संसार उसके कर्मों का फल देता है।
   (*iii*) क्योंकि निरंतर कर्म में लीन रहता है।
   (*iv*) इनमें से कोई एक।
3. *व्यक्ति को अच्छे कार्य क्यों करने चाहिए?*
   (*i*) अच्छे कर्म करने वाले की आयु लंबी होती है।
   (*ii*) अच्छे कर्म करने से अच्छे फल की प्राप्ति होती है।
   (*iii*) अच्छे कर्म करने वाला संसार में ऊँचा स्थान पाता है।
   (*iv*) अच्छे कर्म से व्यक्ति का मन शांत रहता है।
4. *व्यक्ति को बुरे कार्य क्यों नहीं करने चाहिए?*
   (*i*) बुरे कर्म करने वाले का हृदय अशांत रहता है।
   (*ii*) बुरे कर्म करने वाले को कष्ट भोगने पड़ते हैं।
   (*iii*) बुरा व्यक्ति अपने कर्मों द्वारा समाज को हानि पहुँचाता है।
   (*iv*) उपर्युक्त सभी।

(5) इस संसार में कौन सी स्थिति अधिक समय तक नहीं टिकी रह सकती?

(i) सदा अच्छे कर्म ही करना। (ii) सदा बुरे कर्म ही करना (iii) अच्छे कार्य करने वाले को दंड व बुरे कर्म करने वाला खुशहाल (✓)

(iv) अच्छे कर्म को फल प्राप्ति न होना।

(6) आप के सामने अगर कोई सड़क दुर्घटना होगी तो क्या आप उन्हें सहायता करेंगे?

(i) हाँ मैं उनकी सहायता करूंगा / करूंगी (✓)

(ii) मैं नहीं सहायता कर पाऊंगा / पाऊंगी।

(iii) मैं इन झंझटों का सामना नहीं करूंगा / करूंगी।

(iv) पुलिस या प्रशासन पर मैं छोड़ दूंगा / दूंगी।

(7) नीचे दिए गए वाक्यों में उत्तम कार्य आपकी दृष्टि में कौन है?

(i) गरीब बच्चों को अपनी पुरानी किताबों से सहायता करना तथा समय-समय आर्थिक सहायता करना। (✓)

(ii) बीमार व्यक्ति की सहायता नहीं करना।

(iii) अपाहिज व्यक्ति की बात को न सुनना

(iv) वयस्क व्यक्ति के सड़क पर गिर जाने पर उन्हें वैसा ही छोड़ देना।

(8) अगर आपके मुहल्ले में अपंगों, अनाथों, वयस्कों के लिए अनुदान शिविर खोले जाएं तो आप क्या करेंगे।

(i) इस शिविर को बंद करवाने की कोशिश करूंगा / करूंगी

(ii) इस शिविर के उत्तम कार्यों को प्रोत्साहित करूंगा / करूंगी। (✓)

(iii) इस प्रकार की शिविरों को चलाने वाले लोगों से दूर रहूंगा।

(iv) मुहल्ले वालों को अनुदान देने पर रोक लगाऊंगा / लगाऊंगी।